प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव आज अलवर संसदीय क्षेत्र के दौरे पर है। उनका वहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेना प्रस्तावित है। श्री यादव कोटकासिम में पूर्व सैनिक लीग कार्यक्रम के अलावा मुंडावर में पंचायत समिति सामुदायिक भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे मुंडावर में ही उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी उद्घाटन करेंगे। श्री यादव बहरोड़ में प्रबुद्धजन बैठक को संबोधित करेंगे।

........................................................

बाड़मेर के गुड़ामालानी स्थित बाजरा अनुसंधान केंद्र में आज किसान सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी तथा उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री के. के. विश्नोई सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में जिले के अलावा आस–पास के ज़िलों से भी किसान हिस्सा ले रहे है। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ बाजरा की खेती से संबंधित नई तकनीक, पैदावार सुधार और बाजरे की क़िस्मों की खोज के बारे में जानकारियां दे रहे हैं। इस दौरान मृदा स्वास्थ्य की जांच के लिए चल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भी उपलब्ध है।

........................................................

सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर आज डूंगरपुर के वागदरी में आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सांसद मद से निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

........................................................

कोटा जिले के गडेपान में, एक उर्वरक संयंत्र के पास अमोनिया गैस के रिसाव से प्रभावित हुए एक स्कूल के पांच विद्यार्थियों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। पांच विद्यार्थी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं छह विद्यार्थियों को उपचार के लिए कोटा के अस्पताल भेजा गया है। स्कूल के दो सौ अन्य विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई है। गौरतलब है कि ये हादसा कल सुबह स्कूल की प्रार्थना सभा के दौरान हुआ था। गैस के रिसाव से विद्यार्थियों को सांस लेने में दिक्कत हुई थी।

........................................................

रेलवे ने कल रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की उच्च– स्तरीय जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस भी भगदड़ से पहले के घटनाक्रम का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करेगी। उत्तर रेलवे ने इस घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को दस–दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को ढाई–ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक–एक लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। इस बीच, भगदड की इस घटना में मरने वाले लोगों की संख्या 18 हो गई है। मृतकों में 11 महिलाएं और पांच बच्चे हैं। कई लोग घायल भी हैं।

........................................................

शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। पांचवीं कक्षा की परीक्षा सात अप्रैल से और आठवीं बोर्ड की परीक्षा बीस मार्च से शुरू होगी। इन दोनों परीक्षाओं में प्रदेशभर से पच्चीस लाख विद्यार्थी बैठेंगे।

........................................................

प्रदेश में 18 फरवरी से नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना है। इससे कहीं–कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटे के दौरान प्रदेश के कई शहरों में दिन में तेज गर्मी रही। मौसम विशेषज्ञों ने आज और कल भी राज्य में तापमान में बढ़ोतरी होने और उससे दिन में गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 30 डिग्री सैल्सियस से ऊपर बना हुआ है। सबसे ज्यादा 35 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज हुआ।

........................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को प्रसारित होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 21 फरवरी तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

........................................................

सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच 55वां महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन कल से 20 फरवरी तक दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन के दौरान बीएसएफ महानिदेशक, दलजीत सिंह चौधरी के नेतृत्व में बीएसएफ प्रतिनिधिमंडल, महानिदेशक, बीजीबी मेजर जनरल मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी के नेतृत्व में बीजीबी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेगा। सीमा संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने और दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच समन्वय को बेहतर बनाने के लिए बीएसएफ की ओर से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश स्थित बदमाशों द्वारा बीएसएफ कर्मियों और भारतीय नागरिकों के खिलाफ हमले और इसे काबू करने, सीमा पार अपराधों को रोकने के तरीके और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

........................................................